संपादकीय

# ये खतरा बढ़ रहा है

कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। अब दो भारतीय राजनयिकों को धमकी दिए जाने की खबर है। इस संबंध में लगाए गए पोस्टरों के कारण यह मामला दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव का भी रूप ले चुका है।

देखते-देखते "खालिस्तान" का साया फिर संगीन हो गयाहै, इस बात के साफ संकेत हैं। पिछले दिनों ब्रिटेन और अमेरिका में भारतीय राजनयिक ठिकानों पर हमले हुए थे। इस बीच पंजाब में अमृतपाल की परिघटना हुई। अभी सोमवार को ही विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने मित्र देशों से खालिस्तानी ताकतों पर लगाम लगाने को कहा है। इस सिलसिले में उन्होंने जिन मित्र देशों का नाम लिया, उनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। लेकिन उसी रात यह खबर आई कि अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर खालिस्तान समर्थकों ने हमला किया है। हमले के बाद दूतावास में आग लग गई, जिस पर बाद में काबू पाया गया। इसी बीच कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं। अब दो भारतीय राजनयिकों को धमकी दिए जाने की खबर है। इस संबंध में लगाए गए पोस्टरों के कारण यह मामला दोनों देशों के बीच कूटनीतिक तनाव का भी रूप ले चुका है। कनाडा में आठ जुलाई को खालिस्तान समर्थक "एक बड़ी रैली" निकालने की तैयारी कर रहे हैं।

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक "खालिस्तान फ्रीडम रैली" टोरंटो में निकाली जानी है। रैली का अंत शहर में भारत के वाणिज्य दूतावास के सामने करने की योजना है। कनाडा सरकार ने कहा है कि भारतीय राजनयिकों की पूरी सुरक्षा की जाएगी। लेकिन सवाल वो नहीं है। सवाल है कि ऐसी भारत विरोधी ताकतों को खुलेआम अपनी गतिविधियां चलाने की इजाजत क्यों दी जा रही है। रैली से जुड़े कुछ पोस्टर सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिनमें कनाडा में दो भारतीय राजनयिकों को धमकी दी गई है। इनमें से एक पोस्टरमें टोरंटो में भारतीय काउंसल जनरल अपूर्व श्रीवास्तव पर खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया गया है। निज्जर खालिस्तान टाइगर फोर्सेस नाम के एक संगठन का मुखिया था। पिछले महीने उसकी कनाडा के राज्य ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारा के अंदर हत्या कर दी गई थी। अब यह भारत सरकार के लिए गंभीर मंथन का विषय है कि इस उभरती चुनौती को कैसे इसी मौके पर दबाया जाए? इस मामले में कोई ढिलाई आगे चल कर महंगी साबित हो सकती है।

# तीरंदाजी: पार्थ सालुंखे रिकर्व वर्ग में युवा विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले पहले भारतीय बने

**लिमरिक (आयरलैंड)।** पार्थ सालुंखे युवा विश्व चैंपियनशिप के रिकर्व वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाले देश के पहले पुरुष तीरंदाज बने, जिससे भारत ने अपने अभियान को 11 पदकों के साथ समाप्त किया।



युवा विश्व चैम्पियनशिप में यह देश का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

महाराष्ट्र के सतारा के 19 वर्षीय खिलाड़ी ने रविवार को यहां अंडर-21 पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत फाइनल में कोरिया के तीरंदाज को हराकर सोने का तमगा हासिल किया।

रैंकिंग राउंड में शीर्ष पर रहने वाले सालुंखे ने सातवीं वरीयता प्राप्त सोंग इंजुन को पांच सेट के कड़े मुकाबले में 7-3 (26-26, 25-28, 28-26, 29-26, 28-26) से हराया।

भारत ने अंडर-21 महिला रिकर्व व्यक्तिगत वर्ग में भी कांस्य पदक जीता। कांस्य पदक मुकाबले में भाजा कौर ने चीनी ताइपे की सु सीन-यू को 7-1 (28-25, 27-27, 29-25, 30-26) से हराया।

भारत का अभियान छह स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक के साथ समाप्त हुआ, जो कुल पदकों की संख्या के मामले में सर्वोच्च था। टीम हालांकि रैंकिंग के मामले में कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर रही। कोरिया ने छह स्वर्ण और चार रजत पदक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

इंजुन ने पहले छह तीर से दो परफेक्ट 10 और तीन 9 अंक वाले निशाना साधा जिससे सालुंखे 1-3 से पिछड़ गए।

इस पर्व राष्ट्रीय चैंपियन ने दबाव से वापसी करते हुए तीसरा सेट दो अंकों से जीत कर स्कोर 3-3 कर दिया।

संखुले ने इसके बाद अपनी लय बरकरार रखी जबकि इंजुन पर दबाव में बिखर गये। सालुंखे ने 10 अंक के दो और एक 9 अंक का एक निशान साध कर 5-3 की बढ़त हासिल कर ली और फिर दो एक्स ( निशाने के बिलकुल बीच में) के साथ शानदार अंत किया।

शिक्षक के बेटे सालुंखे की प्रतिभा को पहली बार 2021 में कोच प्रवीण सावंत ने पहचाना था। सालुंखे ने इसके बाद सोनीपत में भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र में राम अवदेश से प्रशिक्षण लिया। वह युवा विश्व चैंपियन बनने वाले भारत के पहले पुरुष तीरंदाज है।

# जी इंटरटेनमेंट के प्रमोटर चंद्रा और गोयनका को नहीं मिली राहत

❐ सेबी के फैसले के खिलाफ दायर की थी याचिका




**नईदिल्ली।** जी इंटरटेनमेंट (ज़ी एंटरटेनमेंट) के प्रमोटर सुभाष चंद्रा और पुनीत गोयनका को सेबी के फैसले के खिलाफ दायर की गई याचिका मामले में एसएटी से राहत नहीं मिली है।

सिक्योरिटीज एंड अपीलीय ट्राइब्यूनल (एसएटी) ने आज यानी 10 जुलाई को सेबी के फैसले के खिलाफ जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज के प्रमोटर्स द्वारा दायर की गई याचिका में राहत नहीं देने का फैसला किया है।

ज़ी के प्रमोटर्स सुभाष चंद्रा और पुनीत गोयनका ने सेबी के द्वारा किसी भी कंपनी में कोई अहम पद लेने पर रोक लगावे के फैसले के खिलाफ याचिका दायर की थी। अपीलीय ट्राइब्यूनल ने इस मामले में सेबी और ज़ी एंटरटेनमेंट के सीईओ पुनीत गोयनका की दलील सुनने के बाद 27 जून को अपना फैसला रिजर्व कर लिया था।

जानकारी के मुताबिक, गोयनका और चंद्रा अगले दो हफ्तों में सेबी को अपना जवाब भेजेंगे। बता दें, 12 जून को सेबी ने अपने अंतरिम आदेश में कहा था कि एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन सुभाष चंद्रा और ज़ी एंटरटेनमेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ पुनीत गोयनका किसी भी लिस्टेड कंपनी में कोई अहम पद नहीं ले पाएंगे।

कंपनी के प्रमोटर्स के खिलाफ फैसला आने के बाद ज़ी एंटरटेनमेंट के शेयरों में गिरावट बढ़ गई। दोपहर 12.07 पर ज़ी एंटरटेनमेंट के शेयर 3.05 फीसदी टूटकर 200.15 रुपए पर ट्रेड कर रहे थे।

# इन्विटेशनल उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में वाराणसी के आदर्श ने स्वर्ण और धैर्य ने जीता रजत

**वाराणसी।** कानपुर यूनिवर्सिटी में 8-9 जुलाई 2023 को आयोजित इन्विटेशनल उत्तर प्रदेश राज्यस्तरीय कराटे प्रतियोगिता में वाराणसी के आदर्श सोनकर ने स्वर्ण और धैर्य बरनवाल ने रजत पदक जीता।

वाराणसी के आर. बी. मार्शल आर्ट्स एकडेमी के छात्र आदर्श और धैर्य ने जापान शोतोकान कराटे डो कानीनजुकु आर्गेनाईजेशन उत्तर प्रदेश की ओर से प्रतिभाग किया था।

आदर्श ने सीनियर वर्ग में -84 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। वहीं,धैर्य ने कैडेट वर्ग के -52 किग्रा भार में रजत पदक जीता।

आदर्श को आयोजकों द्वारा 2100 रुपये की धनराशि और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वाराणसी आने पर धैर्य और आदर्श दोनों का भव्य स्वागत किया गया व आर. बी. मार्शल आर्ट्स एकडेमी द्वारा सम्मानित किया गया।

# ऊंची ब्याज दरों के कारण रियल एस्टेट सेक्टर में पीई निवेश पांच फीसदी घटा

**नईदिल्ली ।** रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी निवेश (पीई निवेश) चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून की तिमाही में सालाना आधार पर पांच फीसदी घटकर 1.9 अरब डॉलर रह गया है। रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने यह जानकारी देते हुए कहा कि ऊंची ब्याज दरों की वजह से निजी इक्विटी फ्लो में कमी आई है। इससे पिछले साल की समान तिमाही में रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी निवेश दो अरब डॉलर रहा था।



एनारॉक ने 'भारतीय रियल एस्टेट में पूंजी फ्लो पर-फ्लक्स 2023-24 की पहली तिमाही की निगरानी रिपोर्ट' में कहा है कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में ऊंची ब्याज दरों की वजह से पीई गतिविधियों में मामूली गिरावट आई है। वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में पीई फ्लो 1.4 अरब डॉलर रहा था। वहीं 2020-21 की पहली तिमाही में यह 20 करोड़ डॉलर और 2019-20 की पहली तिमाही में 1.7 अरब डॉलर रहा था।

आंकड़ों के मुताबिक, पीई निवेश में विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी 94 फीसदी, जबकि घरेलू कोषों की हिस्सेदारी छह प्रतिशत रही। पीई गतिविधियों में मुख्य रूप से इक्विटी का दबदबा रहा। कुल प्रवाह में इक्विटी निवेश का हिस्सा 94 फीसदी रहा। मई में ब्रुकफील्ड इंडिया रीट (बीआईआरईटी) और सिंगापुर की जीआईसी ने समान भागीदारी में भारत में 1.4 अरब डॉलर में दो वाणिज्यिक संपत्तियों के अधिग्रहण की घोषणा की थी।

एनारॉक कैपिटल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी शोभित अग्रवाल ने कहा, 'इस सौदे को छोड़ दिया जाए, तो ऊंची ब्याज दरों तथा वैश्विक अनिश्चितताओं की वजह से पीई गतिविधियों कमोबेश सुस्त रही हैं।' अप्रैल-जून के दौरान रियल एस्टेट क्षेत्र में कुल पीई निवेश में से 90 फीसदी कार्यालय संपत्तियों में आया। एक साल पहले समान अवधि में यह आंकड़ा 68 फीसदी रहा था।

# स्पिनरों और कप्तान हरमनप्रीत ने दिलाई भारत को बांग्लादेश पर आसान जीत

**मीरपुर।** कप्तान हरमनप्रीत कौर ने नये अंतरराष्ट्रीय सत्र की शुरुआत अर्धशतक (नाबाद 54 रन) जडक़र की जिससे भारतीय महिला टीम ने रविवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश पर सात विकेट की आसान जीत दर्ज कर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली।

भारतीय स्पिनरों ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए बांग्लादेश को पांच विकेट पर 114 रन ही बनाने दिये।

इसके बाद हरमनप्रीत (35 गेंद, छह चौके, दो छक्के) और उप कप्तान स्मृति मंधाना (34 गेंद में 38 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 70 रन जोडक़र लक्ष्य 16.2 ओवर में ही हासिल कर लिया। हरमनप्रीत ने दो जीवनदान का पूरा फायदा उठाया जो उन्हें बायें हाथ की स्पिनर नाहिदा अख्तर की गेंदबाजी में मिले।

मंधाना ने भी अपनी पारी के दौरान पांच चौके लगाये। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद उसके गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से बल्लेबाजों को यह आसान लक्ष्य हासिल करने में जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा।



सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा हालांकि अपने खराब फुटवर्क के कारण पगबाधा आउट हुई। जेमिमा रोड्रिग्स (11 रन) सुल्ताना खातून की ऑफ ब्रेक गेंद पर बोल्ड हुईं।

जिसके बाद हरमनप्रीत और मंधाना ने टीम को आसान जीत की ओर अग्रसर किया। मंधाना के आउट होने के बाद यास्तिका भाटिया क्रीज पर उतरीं जिन्होंने नाबाद 09 रन बनाये।

इससे पहले अनुभवी दीप्ति शर्मा (चार ओवर में 14 रन) की अगुआई वाले स्पिन आक्रमण ने कप्तान हरमनप्रीत कौर की योजना को बहुत अच्छी तरह मैदान पर उतारा। स्पिन विभाग में अनुषा बारेड्डी (चार ओवर में 24 रन) और मीनू मणी (तीन ओवर में 21 रन देकर एक विकेट) ने उनका बखूबी साथ निभाया।

# एशियाई खेलों में हंपी शतरंज में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी

**नई दिल्ली।** दो बार की स्वर्ण पदक विजेता कोनेरू हम्पी और कांस्य पदक विजेता द्रोणावल्ली हरिका 23 सितंबर को हांगझोउ में शुरू होने वाले एशियाई खेलों में 10 सदस्यीय भारतीय शतरंज टीम की अगुवाई करेंगी।



पुरुष वर्ग में विदित गुजराती और युवा अर्जुन एरिगैसी और महिला वर्ग में हम्पी और हरिका व्यक्तिगत श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

पुरुष टीम में ग्रैंडमास्टर डी गुकेश, गुजराती, एरिगैसी, पी हरिकृष्णा और आर प्रगानानंद शामिल हैं जबकि महिला टीम में हंपी, हरिका, आर वैशाली, वंतिका अग्रवाल और सविता श्री टीम स्पर्धा में चुनौती पेश करेंगी।

सभी खिलाड़ी हाल ही में ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) में मुश्किल चुनौती का सामना कर के आ रहे है। इस स्पर्धा में उन्हें दुनिया के कुछ महानतम शतरंज खिलाडिय़ों से शीर्ष स्तर की प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा, जिसमें नॉर्वे के पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन भी शामिल थे।

टीम की घोषणा रविवार को कानपुर में अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) की आम सभा की बैठक के दौरान की गई, जिसकी अध्यक्षता इसके अध्यक्ष संजय कपूर ने की।

छत्तीस साल की हंपी टीम की सबसे अनुभवी खिलाड़ी है। उन्होंने 2006 के दोहा एशियाई खेलों में महिला व्यक्तिगत और मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक जीता था। टीम में अन्य एशियाई खेलों की पदक विजेता हरिका हैं, जिन्होंने ग्वांगझोउ में 2010 सत्र में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता था।

शतरंज 2014 इंचियोन और 2018 जकार्ता खेलों का हिस्सा नहीं था।

**भारतीय टीम:**

पुरुष: डी गुकेश, विदित गुजराती, अर्जुन एरीगैसी, पी हरिकृष्णा और आर प्रज्ञानानंद।

# पेट दर्द होने पर अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे, तुरंत मिलेगा आराम

गैस, सूजन और ब्लोटिंग जैसी कई समस्याएं है, जिनके आम लक्षणों में पेट दर्द शामिल है। इसके अतिरिक्त ज्यादा खाने या फिर अधिक तैलीय और मसालेदार चीजों के सेवन से भी आप पेट दर्द का अनुभव कर सकते हैं। इस समस्या से राहत पाने के लिए आप दवाइयों का सेवन करने की जगह घरेलू नुस्खे अपना सकते हैं। आइए आज हम आपको 5 ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं, जिन्हें अपनाने से पेट दर्द तुरंत दूर हो सकता है।



## पुदीने का पानी पिएं

पेट दर्द से छुटकारा दिलाने में पुदीना एक हीलिंग जड़ी-बूटी की तरह काम करता है। लाभ के लिए पुदीने की कुछ पत्तियों को चबाएं। आप चाहें तो पुदीने की 4-5 पत्तियों को एक कप पानी में उबाल लें और फिर पानी को गुनगुना करने के बाद इसका सेवन करें। इससे पाचन क्रिया और गैस का दर्द ठीक होगा। इसके अतिरिक्त पुदीने और अदरक को पीसकर इसे गर्म पानी के साथ लेने से भी पेट दर्द में आराम मिलता है।

## अदरक का उपयोग करें

विभिन्न अध्ययनों ने पेट दर्द के इलाज में अदरक की प्रभावकारिता को प्रदर्शित किया है क्योंकि यह मजबूत एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों का एक प्राकृतिक स्रोत है। यही कारण है कि पेट दर्द ठीक करने वाली अधिकांश गोलियों में अदरक एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में मौजूद होता है। लाभ के लिए आपको बस इतना करना है कि ताजा अदरक के रस को पानी में मिलाकर पिएं या ताजी अदरक को अच्छे से चबाकर निगल लें।

## सेब का सिरका आएगा काम

अगर आपको पेट दर्द के साथ मतली, एसिडिटी, सूजन और अपच भी है तो सेब का सिरका इन सभी समस्याओं को दूर करने में मदद कर सकता है। यह आपके पेट के क्क।। स्तर को बढ़ाने में मदद करता है और आंत में स्वस्थ बैक्टीरिया के विकास को बढ़ावा देता है। लाभ के लिए बस एक कप पानी में थोड़ा-सा सेब का सिरका और थोड़ा शहद मिलाकर इसे धीरे-धीरे पिएं।

## जीरा पानी का सेवन करें

जीरा कुछ ऐसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है जो आसानी से खाना पचाने में मदद करते हैं। इसके अलावा यह पेट दर्द की समस्या से राहत दिलाने में भी मदद करता है। इसे बनाने के लिए एक चम्मच जीरा लें और उसे लगभग 2 कप पानी में 15 से 20 मिनट उबालें। जब पानी अच्छे से उबल जाए तो इस मिश्रण को छानकर ठंडा होने दें और फिर खाना खाने के बाद इसका सेवन करें।

## एलोवेरा जूस भी है प्रभावी

एलोवेरा जूस एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है जो पेट दर्द, एसिडिटी, एसिड रिफ्लक्स, गैस्ट्राइटिस और सूजन को ठीक कर सकता है। इसके साथ ही यह आपको कब्ज, कोलाइटिस और ढ्ढक्चस् जैसी समस्याओं से भी छुटकारा दिलाने में मदद कर सकता है। इस जूस को पीने से पेट का अल्सर भी ठीक हो सकता है और पाचन में सुधार होता है। लाभ के लिए एक ब्लेंडर में ताजा एलोवेरा जेल और पानी डालकर अच्छे से ब्लेंड कर उसे पी लें।

# अजय देवगन की रेड 2 की कहानी पर शुरू हुआ काम




बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन अपनी फिल्मों को लेकर अक्सर चर्चा में बने रहते हैं। बीते कुछ समय से प्रशंसक अभिनेता की फिल्म मैदान के इंतजार में हैं, जिसकी रिलीज डेट में कई बार बदलाव हो चुका है। इस सबके बीच अब खबर आ रही है कि अभिनेता अपनी 2018 में आई फिल्म रेड के सीच्ल को जल्द लाने की तैयारी कर रहे हैं। रेड के सीच्ल के लिए कहानी पर काम भी शुरू हो गया है।

बीते दिनों खबर आई थी देवगन ने निर्माता कुमार मंगत के साथ रेड के सीच्ल के लिए हाथ मिलाया है और जल्द फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। देवगन और मंगत का मानना है कि दृश्यम की तरह ही रेड को दर्शकों ने पसंद किया था और ऐसे में इसके सीच्ल को अच्छी प्रतिक्रिया मिलेंगी। अब सीच्ल के लिए एक बार फिर अजय रेड के निर्देशक राजकुमार गुप्ता के साथ आ गए हैं और फिल्म पर काम शुरू कर दिया है।

सूत्र से मिली जानकारी के मुताबिक, देवगन और मंगत ने निर्देशक गुप्ता को रेड 2 की कहानी को विकसित करने के लिए कहा है।

# आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका मन अनमना सा रहेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। किसी काम की अभी शुरुआत करने से आपके भावी प्रयासों में लाभ होगा। आपका उतावलापन आपको दूसरों के साथ संवाद करने से रोकेगा।

***वृष :*** आप एक जन्मजात प्रेमी हैं जो अनुभव करता है कि जीवन प्रेम के बिना जीने योग्य नहीं है। और आज आप एक ऐसे व्यक्ति से मिल सकते हैं जो ऐसे ही समान विचार साझा करता हो।

***मिथुन :*** आज आप किसी भी उत्तरदायित्व को लेने से से पीछा छुड़ा सकते हैं। अभिभावकों को अपने परिवार और बच्चों के साथ अधिक समय बिताने की आवश्यकता है। आप कोई निर्भीक निर्णय लेने में अक्षम हो सकते हैं। स्वास्थ्य लाभ होगा।

***कर्क :*** आपका आज का दिन मिलाजुला रहेगा। माता पिता का आशीर्वाद व भाइयों का सहयोग उन्नति की और अग्रसर करेगा। खिन्न रहना आपको कुछ व्यक्तियों से दूर ले जाएगा। यह हर चीज का विरोध करेगा जो खुशी लाती है।

***सिंह :*** आप सामान्य तौर पर चुस्त और प्रबल हैं। परंतु पिछले कुछ दिनों से आपके व्यस्तता के कारण हो रही थकावट आपको सुस्त कर देगी। पर्याप्त आराम करें जिससे आप ठीक हो जाएंगे। एक बैचेनी अधीरता वाला दिन आज आपकी प्रतीक्षा करता है।

***कन्या :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। पिताओं को अपने परिवार और बच्चों के साथ अधिक समय बिताने की आवश्यकता है। उनके पास उस प्रेम और देखभाल की कमी है जिसे केवल एक पिता ही प्रदान कर सकता है।

***तुला :*** आपकी दृढ़ता और बौद्धिकता आज का दिन बहुत सफल बनाएगी। अवसाद आपको प्रत्येक व्यक्ति से दूर ले जाएगा। यह हर चीज का विरोध करेगा जो खुशी लाती है। स्वास्थ्य लाभ होगा। धार्मिक कार्यों में मन लगेगा। पारिवारिक सुख मिलेगा।

***वृश्चिक :*** परिवार के सदस्य, विशेष रूप से बच्चे आपके स्नेह और देखभाल के लिए आपकी ओर मुड़ेगें। महिलाएँ उनके समय पर माँग द्वारा बहुत थकान अनुभव करेंगीं। आज आपको कुछ कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

***धनु :*** अभी आप एक कठिन मानसिक अवस्था से गुजर रहे हैं। आप उन चीजों का भी विरोध करेंगे जो सुंदर और शांतपूर्ण हैं। ध्यान आपको इस मानसिक अवस्था से बाहर लाने में सहायता कर सकता है।

***मकर :*** आपकी दृढ़ता और बौद्धिकता आज का दिन बहुत सफल बनाएगी। आप हर वह लक्ष्य प्राप्त करेंगे जो आपने आज करने के लिए निर्धारित किया है। माँ को उनके परिवार और कैरियर के बीच संतुलन बनाना होगा।

***कुंभ :*** आप एक जन्मजात प्रेमी हैं जो अनुभव करता है कि जीवन प्रेम के बिना जीने योग्य नहीं है। और आज आप एक ऐसे व्यक्ति से मिल सकते हैं जो ऐसे ही समान विचार साझा करता हो।

***मीन :*** आप एक असफल परियोजना पर समय बर्बाद कर हारा हुआ महसूस कर सकते हैं। मनोरंजन में सक्रिय रहेंगे। समय एवं ऊर्जा का अपव्यय न करें एवं आपको तरोताज़ा करने वाले किसी परियोजना पर काम करें।

# शब्द सामर्थ्य- 121

**बाएं से दाएं**
1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**
1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | |
| | ■ | 5 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 6 | | | | ■ | 7 | 8 | | 9 |
| | ■ | | ■ | 10 | | | ■ | |
| ■ | 11 | | | | ■ | 12 | | |
| 13 | | ■ | ■ | 14 | 14ए | | ■ | ■ |
| | ■ | 15 | | | | ■ | 16 | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | 17 | | 18 |
| ■ | 19 | | | ■ | 20 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 120 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | ■ | ■ | इं | ■ | ■ | ■ |
| स | ह | ■ | ब | र | सा | त | ■ | प |
| ■ | क | हा | नी | ■ | न | क | च | ढ़ा |
| त | ■ | ■ | स्ब | ■ | ■ | ली | ■ | ई |
| क | या | म | त | ■ | क | फ | न | ■ |
| दी | ■ | र्दा | ■ | बा | बू | ■ | ह | वा |
| र | ह | ना | ■ | ल | त | खो | र | ■ |
| ■ | वा | ■ | नौ | क | र | ■ | ■ | सा |
| भा | ई | ■ | का | ■ | ■ | बा | द | ल |

# सू-दोकू- 121

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें [illegible]वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[illegible] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 120 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |